CONNECTICUT
Consumer Protection

कनेक्टिकट Lemon Law

Lemon Law (लेमन कानून) कनेक्टिकट में नया वाहन खरीदने वाले उपभोक्ताओं और ऑटोमोबाइल निर्माताओं के बीच विवादों को सुलझाने में मदद कर सकता है।

ऐसा वाहन या मोटरसाइकिल लेमन कहलाता है जो:

कनेक्टिकट में, पहले 24,000 मील (38,624 किमी) चलने या 2 वर्षों के अंदर नया खरीदा गया हो या पट्टे पर दिया गया हो और निर्माता की एक्सप्रेस वारंटी पर खरा नहीं उतरता है।

पात्रता अवधि:
आपके वाहन में कोई खराबी या समस्या होनी चाहिए जिसे आपने डिलीवरी की तारीख के बाद के पहले दो वर्षों के दौरान या ओडोमीटर पर पहले 24,000 मील (38,624 किमी) पूरे होने से पहले (जो भी अवधि पहले खत्म हो) ठीक करने का प्रयास किया हो।

निम्नलिखित में से एक या अधिक पात्रता शर्तों को पूरा करना होगा:

- उपभोक्ता ने एक ही खराबी को ठीक कराने के लिए "कई बार कोशिश" की है।
- आपका वाहन किसी भी तरह की समस्या या खराबी के कारण 30 दिनों या उससे अधिक समय से मरम्मत के लिए डीलरशिप में है। इन 30 दिनों का लगातार होना जरूरी नहीं है पर ये पात्रता अवधि के दौरान होने चाहिए।
- वाहन में सुरक्षा संबंधी ऐसा खराबी है जिससे वाहन चलाने पर मृत्यु या गंभीर चोट लगने की संभावना है और यह खराबी दो या दो से अधिक बार ठीक कराने के बाद भी इस्तेमाल के पहले वर्ष या एक्सप्रेस वारंटी की अवधि (जो भी अवधि पहले खत्म हो) के दौरान मौजूद रहती है।

Lemon Law के लिए अर्हता प्राप्त करने के दूसरे तरीके भी हो सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए या हमारी ऑनलाइन पात्रता प्रश्नोत्तरी लेने के लिए www.ct.gov/dcp/lemon पर जाएं।
आप Lemon Law Program (लेमन कानून कार्यक्रम) से 800-538-2277 या 860-713-6120 पर संपर्क कर सकते हैं।